भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 432**

उत्तर देने की तारीख: 27.11.2024

**अल्पसंख्यकों के उत्थान हेतु योजनाएं**

**432. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए शुरु की गई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक योजना के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या सरकार ने सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास के लिए दंगों से प्रभावित विशिष्ट फोकस क्षेत्रों या समुदायों की पहचान की है और यदि हां, तो इन योजनाओं के अंतर्गत ऐसे क्षेत्रों के लिए किए गए विशेष प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रुप से दंगा प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं तथा इन क्षेत्रों के स्कूलों में नामांकन और प्रतिधारण दर की स्थिति क्या है; और

(घ) अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए विशेष रुप से छात्रवृति, ऋण और वित्तीय सहायता योजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान दंगा प्रभावित या हाशिए पर पड़े अल्पसंख्यक समूहों तक ऐसे लाभों का प्रतिशत कितना है?

**<u>उत्तर</u>**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (घ): सरकार अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और कम सुविधा प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं लागू करती है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय विशेष रूप से छह (6) केंद्रीय रूप से अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करता है, ये योजनाएं पूरे देश में लागू की जाती हैं, न कि दंगा प्रभावित क्षेत्रों जैसे विशिष्ट फोकस क्षेत्रों में। मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली योजनाएं/कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

**1. शैक्षिक सशक्तीकरण योजनाएं**

i. मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना

ii. मैट्रिकोतर छात्रवृत्ति योजना

iii. मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना

**2. रोजगार एवं आर्थिक सशक्तीकरण योजनाएं**

**i) प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास):** पीएम विकास योजना में निम्नलिखित घटक शामिल हैं जिनका लक्ष्य लक्षित लाभार्थियों के लिए रोजगार क्षमता में सुधार और बेहतर आजीविका के अवसर पैदा करने में सहायता करना है।

क) कौशल एवं प्रशिक्षण घटक

ख) महिला नेतृत्व और उद्यमिता घटक

ग) शिक्षा सहायता घटक (स्कूल ड्रॉपआउट के लिए)

इसके अलावा, इस योजना का लक्ष्य लाभार्थियों के लिए ऋण और बाजार संपर्क को बढ़ावा देना है।

**ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (NMDFC):** एनएमडीएफसी अधिसूचित अल्पसंख्यकों में से "पिछड़े वर्गों" को संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और केनरा बैंक द्वारा नामित राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (SCA) के माध्यम से सावधि ऋण, शिक्षा ऋण, विरासत योजना और सूक्ष्म वित्त योजना की अपनी योजनाओं के तहत स्वरोजगार, आय सृजन गतिविधियों के लिए रियायती ऋण प्रदान करता है।

**3. बुनियादी ढांचा विकास योजना**

i) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK): देश के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला केन्द्रित परियोजनाएं, पेयजल एवं आपूर्ति, स्वच्छता और खेल जैसे क्षेत्रों में सामुदायिक बुनियादी ढांचे का विकास करता है।

**4. विशेष योजनाएं**

जियो पारसी : भारत में पारसियों की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए एक योजना।

इन योजनाओं का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है। पिछले 05 (पांच) वर्षों के दौरान प्रत्येक योजना को आवंटित धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

छात्रवृत्ति योजनाएं

| योजना | मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना | मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना | मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना | कुल |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | आवंटन | | | |
| 2019-20 | 1199.82 | 482.66 | 361.51 | 2043.99 |
| 2020-21 | 1330.00 | 535.00 | 400.00 | 2265.00 |
| 2021-22 | 1378.00 | 468.00 | 325.00 | 2171.00 |
| 2022-23 | 556.82 | 515.00 | 358.02 | 1429.84 |
| 2023-24 | 400.00 | 1000.00 | 25.00 | 1425.00 |
| **कुल** | **4864.64** | **3000.66** | **1469.53** | **9334.83** |

प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (पीएम विकास)

| कौशल योजनाओं के लिए आबंटन और व्यय (करोड़ में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| योजनाएं | सीखो और कमाओ (SAK) | | नई मंज़िल | | विकास के लिए परम्परागत कलाओं/शिल्पों में कौशल का उन्नयन और प्रशिक्षण योजना (उस्ताद) | |
| वर्ष | बजट अनुमान | वास्तविक अनुमान | बजट अनुमान | वास्तविक अनुमान | बजट अनुमान | वास्तविक अनुमान |
| **2019-20** | 250 | 175.5 | 140 | 34.44 | 50 | 54.48 |
| **2020-21** | 250 | 190 | 120 | 59.84 | 60 | 56.74 |
| **2021-22** | 276 | 268.5 | 87 | 48.86 | 47 | 76.68 |
| **2022-23** | 235.4 | 65.28 | 46 | 7.62 | 47 | 10.61 |
| **2023-24** | 249.9 | 209.4 | 0.1 | 0 | 0.1 | 0 |
| **2024-25** | 244.6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल योग** | **1261** | **699.3** | **393.1** | **151** | **204** | **199** |

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (NMDFC)

| वित्तीय वर्ष | NMDFC में इक्विटी योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा आबंटित/जारी निधि (करोड़ में) | NMDFC द्वारा वितरित रियायती ऋण (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 160.00 | 602.50 |
| 2020-21 | 110.00 | 650.41 |
| 2021-22 | 100.00 | 700.00 |
| 2022-23 | 159.00 | 881.70 |
| 2023-24 | 61.00 | 765.45 |

**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK)**

| पिछले पांच वर्षों में आवंटित धनराशि का विवरण (वास्तविक व्यय) (करोड़ रुपए में) | |
|---|---|
| 2019-20 | 1698.29 |
| 2020-21 | 1091.94 |
| 2021-22 | 1266.87 |
| 2022-23 | 222.66 |
| 2023-24 | 189.23 |

*****